हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

## खबर संक्षेप

### न्यू आरकंडी के कचरा प्वाइन्ट में मचा बबाल



**मैहर।** न्यू अरकंडी क्षेत्र में ग्रामीणों के द्वारा नगरपालिका के ट्रैक्टरों को रोककर कचरा डंप करने का विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि जिस जगह को कचरा डंप करने के लिए निर्धारित किया है वहा कचरा डंप न करके उससे अलग सामने जहां पूर्व पार्षद द्वारा नगरपालिका के लाखों खर्च करा बराबर कराकर वृक्षारोपण का कार्य कराया था उसी जगह तमाम व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर कचरा डंप कराया जा रहा है जिससे रहवासी खासे परेशान है दुर्घन्ध से जीना मुहाल है। इस कचरा के डंप होने से बीमारियों को खुला निमंत्रण रहा है जिस कारण क्षेत्रवासी विरोध के लिए मजबूर होकर अध्यक्ष नगर पालिका के द्वारा मौका मुयायना कर निराकरण की मांग पर अड़े है। अब देखना होगा कि जनहित के मुद्दे में जिम्मेवार कब तक संज्ञान लेते हैं।

### 3 को कारण बताओ नोटिस

**सतना।** मैहर जिले में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष की डयूटी में गैरहाजिर रहने पर तीन कर्मचारियों को करणा बताओ नोटिस जारी की गई है।अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखण्ड समन्वयक मैहर दीपक पाण्डेय,सामाजिक अंकेक्षण मेघराज पयासी,भृत्य मोहन वर्मन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में 3 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। अन्यथा जवाब समय सीमा में प्रस्तुत न करने व समाधानकारक न पाये जाने की दशा में अथवा अनुपस्थित की दशा में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

### 173 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 17 जुलाई 2024 तक 173 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 338.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 128.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 152.4 मि.मी, बिरसिंहपुर में 169 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 82 मि.मी.,नागौद में 180.5 मि.मी.,जसो (नागौद) में 69.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 263 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 206.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

**मैहर में 274.5 मि.मी. दर्ज**

मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 17 जुलाई 2024 तक 274.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 318 मि.मी., मैहर में 216.1 मि.मी. एवं रामनगर में 289.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 151.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### जिला उर्पाजन समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में

**सतना।** जिला आपूर्ति अधिकारी मैहर द्वारा बताया गया कि धान खरीदी केन्द्र करूआ गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र अमन इण्टरप्राइजेज तनाजा तहसील एवं जिला मैहर विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर विक्रय किये गये धान से सम्बन्धित किसानों को बकाया राशि दिलाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही के लिये 18 जुलाई 2024 को अपरान्ह 3 बजे जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित किसानों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### आज 2 बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**सतनी।** इस दौरान 220 केवी उपकेंद्र से निकलने वाले ग्रामीण क्षेत्र के 33 केवी फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी। इनमें अमदरा,भरौली ,पहाड़ी फीडर से सम्बंधित 33/11 केवी बदेरा,अजवाइन,झांझ गोरैया,धतूरा,भरौली,घुनवारा,अमदरा, सभागंज,पहाड़ी,8 एमवी अमडा नाला उपकेंद्र से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। आवश्यकता अनुसार समयावधि कम अथवा अधिक भी की जा सकती है।

## बगदरा घाटी में श्रद्धालुओं से भरी

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो की मौत, 43 घायल









### भगवान कामतानाथ दर्शन को जा रहे थे श्रद्धालु रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई ट्रैक्टर-ट्राली

**सतना।**

नयागांव थाना (चित्रकूट) की बगदरा घाटी में बुधवार की अपराह्न करीब 11 बजे अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दो की मौत हो गई जबकि 43 यात्री घायल हो गए हैं। जिसमें 18 की हालत नाजुक होने पर नजदीकी जानकीकुंड चिकित्सालय और शेष को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में सतना रेफर किया गया है। ट्राली में 45 लोग सवार थे।

#### कामतानाथ के दर्शन को निकले थे सभी

थाना बिरसिंहपुर के बडखेरा के रहने वाले संजू शर्मा के घर में बुधवार को बेटे का मुंडन था। सुबह परिवार सदस्य व रिश्तेदार इकट्ठा हुए और मुंडन संस्कार संपन्न हुआ। इसके बाद लोगों ने भगवान कामतानाथ के दर्शन की इच्छा जाहिर की। जिस पर संजू ने खुद का ट्रैक्टर निकाला और सभी को बैठाया कर चित्रकूट के लिए निकल पड़ा।





#### बगदरा घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई ट्राली

जैसे ही बगदरा घाटी में भैरम बाबा मोड़ के पास ट्रैक्टर पहुंचा तो तीव्र मोड़ में तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया,जिससे ट्राली पलट गई। उसमें सवार यात्रियों को चीख पुकार मच गई। राहगीर दौड़ कर आए और पुलिस को सूचना दी। नयागांव व मझगवां थाना का फोर्स पहुंचा और घायलों को अस्पताल भेजा।

#### कुल 45 लोग थे सवार

नयागांव थाना प्रभारी पंकज शुक्ला ने बताया कि ट्रैक्टर व ट्राली में 45 लोग सवार थे। जिसमें 65 वर्षीय रानी सेन पत्नी राजेंद्र सेन व 15 वर्षीय मीनाक्षी द्विवेदी बडखेरा की मौत हो गई है। वहीं 19 लोगों को गंभीर हालत में जानकी कुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 25 घायलों को मझगवां में भर्ती कराया गया है। इनमें गंभीर मरीजों को सतना रेफर किया गया है।

#### जानकी कुंड अस्पताल में ये लोग कराए गए भर्ती

जानकी कुंड अस्पताल में भर्ती कराए घायलों में बडखेरा निवासी 30 वर्षीय आरती यादव पत्नी राजेश यादव व उनका बेटा 12 वर्षीय सागर यादव,65 वर्षीय गीता देवी पत्नी रामकेश शुक्ला,14 वर्षीय राधिका शुक्ला पुत्री राकेश शुक्ला,11 वर्षीय रिंसी देवी पुत्री संजू शर्मा,16 वर्षीय रानी मिश्रा पुत्री राजा भइया,50 रानी द्विवेदी पत्नी रामनिरंजन द्विवेदी,25 वर्षीय पूनम शुक्ला पत्नी सुमित शुक्ला,14 वर्षीय अवी शर्मा व अनुज शर्मा,45 वर्षीय संगीता शर्मा,14 वर्षीय राशि पांडेय,पगार खुर्द निवासी 25 वर्षीय सीमा शुक्ला पत्नी नवीन शुक्ला व उनका चार वर्षीय पुत्र सार्थक शुक्ला,25 वर्षीय पल्लवी पत्नी सुनील शुक्ला,10 वर्षीय उत्कर्ष पुत्र सुमित शुक्ला शामिल हैं।

## बिजली समस्याओं को लेकर कार्यालय का घेराव कल

### पार्टी कार्यकर्ताओं से की घेराव को सफल बनाने की अपील



**मैहर।** इन दिनों किसान से लेकर आम उपभोक्ता तक बिजली विभाग की नीतियों से त्रस्त होकर आतंकित है। जानबूझकर लेस क्वालिटी के मीटर लगाए जा रहे हैं जो जल्दी खराब हो जाते हैं और खराब होते ही विभाग एवरेज बिलिंग चालू कर देता है जो हजारों रुपए प्रति माह के हिसाब से दिया जाता है जो निम्न मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के लिए यह राशि बहुत ज्यादा है। इसके साथ ही खराब ट्रांसफार्मर लंबे समय तक न बदले जाने,स्मार्ट मीटर लगाने व अघोषित विद्युत कटौती,बार-बार बिजली ट्रिप होना,बिजली की बढ़ी हुई दरों बढ़े हुए बिजली बिलों पर पुनर्विचार ना किया जाना सहित जैसी कई समस्याएं हैं जिनसे उपभोक्ताओं की कमर टूट चुकी है। इन्ही सब समस्याओं के निराकरण को लेकर कांग्रेस विद्युत वितरण केंद्रवार विशाल धरना देने जा रही है जो 19 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11 बजे विद्युत विभाग कार्यालय के सामने सतना रोड मैहर में आयोजित होने जा रहा है। उक्त धरना कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने सभी पार्टी पदाधिकारियों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों मंडलम सेक्टर पदाधिकारियों पार्टी के वरिष्ठ नेताओं समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्षों पंचायती राज प्रतिनिधियों नगरीय निकाय के पूर्व,वर्तमान जन प्रतिनिधि,प्रत्याशियों के साथ साथ समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं किसानों मजदूरों गरीब उपभोक्ताओं से धरना कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है।

# परंपरागत तरीके से मनाया गया मुहर्रम





**सतना।**

बुधवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा मातमी पर्व मुहर्रम मनाया गया। इस अवसर पर ताजिए झूले और सवारियां निकल गई तथा जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन पाननीलाल चौक में ईमाम बाडे के पास आयोजित किया गया था। इसके बाद ताजिए कर्बला में ठंडे किए गए। मुस्लिम इतिहास के अनुसार इस दिन इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वंशजों को इराक के एक शहर कर्बला में शहीद किया गया था। जिसके बाद उनकी याद में ही दुनियाभर में बसने वाले मुस्लिम समाजजन मुहर्रम पर्व को मनाते आ रहे हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज का एक पंथ शिया समुदाय इस पर्व को 10 दिनों तक चलने वाले मातम के त्योहार के रूप में मनाता है। वहीं,दूसरा पंथ सुन्नी समुदाय इस पर्व पर अधिक से अधिक इबादत और नेक कार्य करने पर जोर देता रहा है। पर्व के दौरान कई जगहों पर ताजिए बनाकर निकाले जाने, अखाड़े और अलम निकालने की भी परंपरा है।

#### वेंकट क्रमांक 1 स्कूल के सामने लंगर आयोजित

समाजसेवी दीपक केवट द्वारा पिछले दो दशक से आयोजित किया जा रहे लंगर की श्रृंखला में बुधवार को मोहर्रम के अवसर पर यहां एक बार फिर से बृहद लंगर का आयोजन किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

#### क्या बताता है इतिहास

बता दें कि मुस्लिम इतिहास के मुताबिक करीब चौदह सौ साल पहले जब इस्लामी सल्तनत की खिलाफत खलीफा हजरत मुआविया से उनके बेटे यजीद को मिली, उस समय उसने कई ऐसी बातें आम कर दीं जो इस्लामिक शरीयत कानून के मुताबिक हराम थीं। खलीफा यजीद उन्हें हलाल बताने की कोशिश करने लगा, जिनमें शराब पीना, नशा करना और यहां तक कि जिना करना शामिल था। इससे नाराज मुल्के शाम के लोगों ने मदीना शरीफ में नवासे रसूल इमाम हुसैन को खत भेजे और उन्हें कूफ़ा आने की दवात दी गई। जिस पर उन्होंने अपने चचाजात भाई मुस्लिम बिन अकील और उनके बच्चों को कूफा के हालात का जायजा लेने भेजा।

#### जंग से पहले किया था तीन दिन तक नजरबंद

कूफा पहुंचे मुस्लिम बिन अकील को हालात ठीक लगे तो उन्होंने ईमाम हुसैन को भी कूफा बुलवा लिया, लेकिन इसी बीच अचानक खलीफा यजीद को इस सब की भनक लग गई और हालात बदल गए। उसने इन सबको गिरफ्तार करने के लिए एक बड़ी फौज भेज दी। तब तक पैगम्बर साहब के वंशजों का काफिला मदीना से रेगिस्तान में चलते हुए करीब 1300 किलोमीटर दूर कर्बला के मैदान तक पहुंच चुका था। उनकी मंजिल अभी 100 किलोमीटर दूर बाकी थी। लेकिन, कर्बला के मैदान में उस समय के खलीफा यजीद की फौज और इमाम हुसैन के कुनबे का टकराव हुआ।

# किसानों की समस्याओं का निराकरण करे सरकार: लालता




**सतना।**

किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लालता प्रसाद द्विवेदी उर्फ ललित ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए सरकार को चेतावनी दी की किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाय। बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि जिले के जिन किसानो का गेहूं खरीदी का भुगतान अभी तक नही किया तत्काल भुगतान किया जाय। 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा अपने घोषणापत्र में किसानो का गेहूं 27000 एवं धान 3100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने के वादे को तत्काल निराकरण कर भुगतान किया जाये। जिले में किसानो को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाय। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु पूर्व की भांति सभी गांवो पर पशु बंदी ग्रह का निर्माण करवाकर पंचायत को संचालन हेतु आदेश जारी किया जाये ताकि किसान अपनी फसल को सुरक्षित कर सके। किसानों को पांच हास पावन तक के मोटरपंप कनेक्शन बिजली बिल से मुक्त किये जाये। सतना जिले में बरगी बांध के पानी का विछोरा 15 वर्षों से भाजपा सरकार पीट रही है पर अब तक सतना जिले को बरगी का पानी नही मिल पाया जल्द से जल्द नहरे पूर्ण कर पानी की उपलब्धता करवाई जायें।

# पैथालॉजी जांच की रिपोर्ट पर हो रहीं शंकाएं

### जगह-जगह खुली पैथालॉजी में अप्रशिक्षित कर्मचारी कर रहे है जांच, अलग अलग आती हैं रिपोर्ट

**मैहर।** जिला मैहर अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं भर्ती किए जाने के बाद डॉक्टरों के द्वारा मरीजों के खून,कफ,एक्सरे आदि की जांच लिखी जाती है क्यों कि बगैर जांच की सही इलाज कर पाना मुश्किल होता है और जब मरीज के खून आदि की जांच रिपोर्ट डॉक्टर देखता है तब उसक बाद मरीजों का इलाज सही रूप से शुरू किया जाता है। मैहर में सिविल अस्पताल के सामने जगह-जगह पैथालॉजी संचालित है जिसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारी को भी है किन्तु अनदेखी की जाती है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पैथालॉजी संचालन संचालकों द्वारा किया जा रहा है क्या इन पैथालॉजी की जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी को नहीं है। जिला चिकित्सालय के सामने व आसपास कई पैथालॉजी संचालित है और ऐसा नहीं है कि आते या जाते समय उनकी नजर न पड़ीं हो ऐसा लग रहा है जैसे जिम्मेदार अधिकारी इन पैथोलॉजी सचालकों को पैथोलॉजी संचालन करने हेतु खुली छूट दे रखी है। जब कि नियमानुसार प्रशासन इन पैथोलॉजी पर शिकंजा कस देना चाहिए ताकि आम जनता का शारीरिक और आर्थिक शोषण रोका जा सके। गौरतलब है कि प्रशासनिक अनदेखी के चलते नगर से लेकर गांव तक बिना पैथालॉजीस्ट और रजिस्ट्रेशन के पैथालॉजी संचालित है जिनमें अधिकांशों के पास मेडिकल बेस्ट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं होगा। जानकारी के मुताबिक जांच की रिपोर्ट को प्रमाणित करने के लिए एमसीआई (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया) द्वारा पंजीकृत तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिग्रीधारक चिकित्सक को ही अधिकृत माना है इसके साथ ही लैंब में योग्यताधारी टेक्नीशियन पदस्थ होना जरूरी है। जबकि पैथालाजिस्ट चिकित्सा कर्मी भी ख़ून,पेशाब आदि का नमूना लेकर जांच रिपोर्ट देते हैं जिसमें एक मरीज की जांच अलग-अलग भी आती रहती है जो स्वास्थ्य अधिनियम का भी खुला उल्लंघन है इसका पालन नही करने पर सजा और जुर्माना का प्रवधान है। बताया जाता है कि कुछ पैथालॉजी में मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा लिहाजा नमूना एकत्र करने से लेकर जांच रिपोर्ट जारी करने का काम अनाड़ियों के हाथों में ही है। ऐसी दशा में जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता भी सवालों के घेरे में है। आलम यह है कि अधिकांश जांच अप्रशिक्षित कर्मियों के द्वारा ही मरीजों का खून,पेशाब व अन्य जांच की जा रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि इसी आधार पर चिकित्सकों के द्वारा इलाज और दवा लिखी जा रही है जिसका आर्थिक, शारीरिक और मानसिक खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है इसके बावजूद प्रशासन भी गंभीरता नहीं दिखा रहा है। नियमानुसार प्रत्येक जांच के लिए रेट चार्ट भी लगाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है इसके पीछे मूल उद्देश्य है कि जांच के नाम पर मरीजों से निर्धारित राशि वसूली जाएं और इसमें मनमानी न हो लेकिन अधिकतर पैथालॉजी में शुल्क तालिका नहीं लगी है इसके कारण जैसा मरीज वैसा शुल्क का फार्मूला अपनाया जा रहा है। लैब संचालन के लिए शासन द्वारा विधिवत नियम लागू किये गये है लेकिन आश्चर्य जनक रुप से डीएमएलटी व उनके सहयोगी तक लैब संचालित कर रहे हैं वो ही रिपोर्ट में हस्ताक्षर करके दे रहे हैं। मैहर सिविल अस्पताल में पैथालॉजी के दलाल घूमते रहते है और कम रुपयों में जांच का बहाना बनाकर मरीजों के परिजनों को अपने पैथालॉली में ले जाते है और फिर मनमानी रेट वसूल करते है। कभी कभी एक मरीज की जांच में अलग अलग रिपोर्ट भी आती रहती है जिसका खामियाजा मरीज को भुगतना पड़ता है और फिर उसे डॉक्टर रेफर कर देता है। बताया जाता है कि पैथालॉली के धंधे में भी कमीशन का खेल चलता है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में आदिवासी वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत



**सलेहा।** निकटतम बधौरा ग्राम की वृद्ध महिला गोपी पति हिरा लाल आदिवासी उम्र लगभग 75 वर्ष ग्राम बधौरा से गोपी आदिवासी बहूं एवं परिवार जनों की महिलाओं के साथ दर्दहाई मोड़ क्योस्क बैंक अपनी वृद्धा पेंशन निकलवाने पहुंची थी और राशि निकाल कर अपने घर जा रही थी सड़क पार करते समय पवई तरफ जा रही हीरों डीलक्स बगैर नम्बर की मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर वृद्ध महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और टक्कर मार कर अज्ञात व्यक्ति तेजी से पवई तरफ भाग गया परिवार जन गंभीर अवस्था में नजदीक अपने समुदायक स्वास्थ्य केन्द्र सलेहा लाए जहां डाक्टर उपस्थित नहीं मिले हास्पीटल के इस्टाप ने महिला का। बाहर ही बाउंड्री बालके अंदर इलाज किया हास्पीटल के अंदर भर्ती रूम पर नहीं ले गये इसी दौरान घटना की सूचना गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा को मिली जो तात्काल हास्पिटिल पहुंचे और पदस्थ डॉ के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा इस तरह के लापर वाह अधिकारियों के प्रति कार्यवाही की जायेगी।

### पौधारोपण किया



**देवेन्द्रनगर।** गुनौर विधायक सम्माननीय डॉ राजेश वर्मा जी का नगर परिषद देवेंद्रनगर में आगमन हुआ एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जीरो मॉडल स्कूल एवं हाई स्कूल देवेंद्रनगर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर परिषद देवेंद्र नगर द्वारा संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता मंडल अध्यक्ष हीराजी पटेल बीएमओ डॉ अभिषेक जैन सीएमओ के के तिवारी मण्डल वरिष्ठ उमेश शर्मा जी रानी साहिबा श्रीमती अजया राजे सिंह बुंदेला नगर परिषद उपाध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा निक्की पुनीत जायसवाल रामेश्वर गुप्ता ललित गुप्ता अशोक कुशवाहा ध्रुव चौबे मनोज पांडे रमाकांत शुक्ला धीरेंद्र सिंह बागरी कृष्णा पाठक रमेश अग्रवाल गजेंद्र सिंह परमार अजीत जैन दिलीप पांडे अरुण तिवारी एवं बहुत आयत संख्या में शिक्षक वर्ग एवं नगर परिषद अधिकारी वर्ग पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

राजस्व संबंधी मामलों को लेकर कलेक्टर की सराहनीय पहल

# राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों के सुधार का कार्य किया जायेगा

**आम नागरिकों की राजस्व संबंधी शिकायतों व समस्याओं के निराकरण को समयसीमा में 16 जुलाई से 31 अगस्त तक निराकण को लेकर महाअभियान के तहत जिले में जो पहल आरंभ की गई है।**

पन्ना।

जिससे गांवों में छोटे-मोटे विवाद जो जमीन संबंधी लोगों के आपस में होते है उनमें भी होगा सुधार क्योंकि सीमांकन, बटवारे तथा नामांत्रण अभिलेख दुरस्ती आदि को लेकर जिस तरह से आम आदमी की शिकायतों को सुनकर निदान करने के लिए जिले में अभियान चलाया जा रहा है। यह जिला कलेक्टर की सराहनीय पहल साबित हो रही है।

मध्यप्रदेश शासन की योजना कहें या कि जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार की पहल जो 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महाअभियान के रूप में जो प्रथम चरण इसवर्ष जनवरी से मार्च की अवधि में संचालित राजस्व प्रकरणों का बृहद स्तर पर निराकण किया गया था उसी तर्ज पर महाअभियान का दूसरा चरण जो राजस्व प्रकरणों के त्वरत निराकरण को लेकर राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों के सुधार करने का कार्य किया जायेगा। पन्ना जिले में महाअभियान को लेकर कलेक्टर सुरेश कुमार के द्वारा जिस तरह से स्वयं तहसील स्तरों में पहुंचकर जायजा लिया जा रहा है इससे साफ जाहिर होता है कि संवेदनशीलता इस अभियान के क्रियान्वयन को लेकर साबित हो रही है। जो 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महाअभियान के तहत आम नागरिकों की राजस्व संबंधी शिकायतों में समय-सीमा पर लंबित प्रकरणों के निदान को लेकर जहां नामांत्रण बटवारा, अभिलेख दुरस्ती का निराकरण करना हो या राजस्वप्रकरणों के नये आरसीएमएस पर दर्ज कराना नक्से पर तरमीन एवं पीएम किसान का सेचुरेशन है साथ ही समग्र आधार से ई-केवाईसी



और खसरे की समग्र व आधार से लिंकअप करने और फार्मर रजिस्टरी का क्रियान्वयन है। गौरतलब बात यह है कि इस तरह का अभियान जिले में सायद पहली बार देखने को मिल रहा है। जिसमें स्वयं कलेक्टर तहसीलों में पहुंचकर इस अभियान की क्रियान्वयन को लेकर परख रहे है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने विगत दिवस देवेन्द्रनगर व गुनौर तहसील में पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। वहीं सबसे बड़ी बात यह सामने आई कि अभियान के दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को प्रत्येक ग्राम में फलेक्स चस्पाकर दिवाल लेखन सहित अन्य माध्यमों से भी जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रचार पर जोर दिया जा रहा है। जिससे आम लोगों की समस्यायें इस अभियान के दौरान सुलझ सके। इससे साफ जाहिर होता है कि कलेक्टर सुरेश कुमार की मंशा आम आदमी की समस्याओं को सुलझाने की साबित हो रही है। यहीं गांवों के विवाद अधिकत्तर जमीन संबंधी आपस के होते है जो कहीं न कहीं राजस्व विभाग में लापरवाही व भर्रेशाही को लेकर आम आदमी का विश्वास उठता था साथ ही विवाद छोटे-मोटे जमीन से ही जन्म लेते है जो बड़े विवादों का रूप लेते है। इनमें भी सुधार होगा गांवों में इस तरह के जमीन संबंधी राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण से लोगों में आपसी भाईचारा बना रहेगा क्योंकि अधिकत्तर विवाद जमीनी विवाद से जन्म लेते है। जो समस्यायें आज राजस्व समस्याओं को लेकर अभियान के तौर पर 16 जुलाई से 31 अगस्त तक महाअभियान क्रमांक-2 जो संचालित किया जा रहा है इसके तहत अब जिले के ऐसे लोग जिनके राजस्व संबंधी समस्यायें बनी हुई है उन्हें अभियान के समस्य का लाभ लेकर अपनी समस्याओं का निदानकरने के लिए आगे आना होगा ताकि उनके समस्याओं का निदान जो पन्ना जिले में कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए जिस तरह से दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये गये है उन समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण पर भी जोर दिया गया है। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में समय-सीमा पार लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर भी माना जा रहा है। निश्चितौर पर यह राजस्व विभाग को लेकर किसानों व आम जनता जिनकी समस्यायें जमीन संबंधी बनी हुई है उनके निराकरण को लेकर यह बेहतर समय माना जा रहा है। जो कलेक्टर सुरेश कुमार की सराहनीय पहल साबित हो रही है। जिससे जिले में गांवों में छोटे-मोटे विवाद इन समस्याओं के निदान होने से स्वयं ही खत्म होंगें गांवों में खुशहाली को लेकर जाना जायेगा जिले में इस तरह की यह पहल अपने आप में चर्चा में जिससे सभी के हित से जोड़कर देखा जा रहा है।

## गेहूं उपार्जन केन्द्र बड़ागांव गोदाम क्रमांक 14 में हुई अनियमितता पर की गई कार्यवाही

### 19 लाख से अधिक की बकाया राशि जमा नहीं कराने पर केन्द्र प्रभारी नारायण सिंह बुन्देला के विरूद्ध एफआईआर के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार सहायक पंजीयक सहकारी संस्थायें पन्ना द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिरवाही द्वारा संचालित गेहूं उपार्जन केन्द्र बड़ागांव गोदाम क्रमांक 14 में हुई अनियमितता पर कार्यवाही की गई है। इस संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच कराई गई थी। सत्यापन के दौरान केन्द्र पर 996.50 क्विंटल गेहूं नहीं पाया गया। वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी के लिए केन्द्र प्रभारी नारायण सिंह बुन्देला को समक्ष में सुनवाई को अवसर प्रदान कर भण्डारण के लिए शेष उपार्जित गेहूं की समर्थन मूल्य और बोनस राशि मिलाकर आकलित कुल राशि 23 लाख 91 हजार 600 रूपए जमा कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन केन्द्र प्रभारी द्वारा कुल 4 लाख 90 हजार 800 रूपए शेष राशि ही जमा कराई गई, जबकि अनियमितता के बावजूद बकाया शेष राशि 19 लाख 800 रूपए जमा नहीं कराने एवं जांच में दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर सहायक पंजीयक द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सकारी समिति मर्यादित बिरवाही के समिति प्रबंधक को कार्यवाही के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया है कि समिति द्वारा उपार्जन के लिए नारायण सिंह बुन्देला को खरीदी केन्द्र प्रभारी के साथ सर्वेयर के दायित्व के लिए भी अधिकृत किया गया था। शिकायत के आधार पर गत 20 जून को जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया, जिसके तहत उपार्जन केन्द्र द्वारा 25 हजार 288 क्विंटल गेहूं की खरीदी के उपरांत संपूर्ण मात्रा का उपार्जन संस्था द्वारा रेडी टू ट्रांसपोर्ट किया गया और भण्डारण केन्द्र को 24070.50 क्विंटल गेहूं भेजा गया। इस आधार पर उपार्जन एजेंसी म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन पन्ना द्वारा स्वीकृति की कार्यवाही की गई और 1217.50 क्विंटल केन्द्र पर शेष जमा होना बकाया पाया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान केन्द्र पर मात्र 221 क्विंटल गेहूं की मात्रा पाई गई। शेष 996.50 क्विंटल गेहूं भण्डारण के लिए शेष पाया गया। समर्थन मूल्य और बोनस राशि जोड़कर भण्डारण के लिए शेष गेहूं की कीमत 23 लाख 91 हजार 600 रूपए आंकलित की गई। जिला कलेक्टर के निर्देश पर सहायक पंजीयक द्वारा आवश्यक कार्यवाही के फलस्वरूप उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा देवेन्द्रनगर में गत 2 जुलाई को 3 लाख 49 हजार 200 रूपए और 8 जुलाई को 1 लाख 41 हजार 600 रूपए कुल राशि 4 लाख 90 हजार 800 रूपए जमा कराई गई। इस क्रम में सहायक पंजीयक कार्यालय द्वारा केन्द्र प्रभारी श्री बुन्देला के विरूद्ध निर्धारित बकाया राशि वसूली के संबंध में म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत धारा 64 का प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर संबंधित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## खिड़की तोड़ कर फोटो स्टूडियो में हुई चोरी

### तीन कैमरे और नगदी लेकर कर फरार






**सी सी कैमरे में कैद हुआ चोर करही चौराहा बना शराबी और नशेड़ियों का अड्डा**

पवई

करही चौराहा स्थित मनीष फोटो स्टूडियो और कियोस्क शाखा संचालित है जो महज पन्ना कटनी मुख्य मार्ग से 100 कदम की दूरी पर स्थित है में अज्ञात चोर द्वारा दुकान में चोरी को अंजाम दिया गया। बीते दिनों पवई नगर के करही चौराहा में स्थित मनीष फोटो स्टूडियो एवं कियोस्क बैंक में अज्ञात चोर द्वारा दुकान में रखें कैमरे एवं बैंक की नगदी चोरी कर फरार होने का मामला सामने आया है। बता दें कि नीरज पटेल वार्ड क्रमांक दो प्राथमिक शिक्षक पद पर करही में तैनात है। करही चौराहा में उनकी फोटोग्राफी एवं स्टेट बैंक की कियोस्क शाखा की दुकान संचालित है,जिसकी देखरेख का काम छत्रसाल कुशवाहा एवं अमन चौधरी करते हैं। बीते 8 जुलाई को छत्रशाल कुशवाहा दुकान को बंद करके घर चला गया। उस समय शादियां होने की वजह से दोनों वीडियो ग्राफी करने गए हुए थे। जब वह 14 जुलाई को शाम 5रू00 बजे दुकान पर गया और दुकान का ताला खोल कर देखा तो रोड साइड की खिड़की टूटी हुई थी और दुकान में रखे फोटोग्राफी के निकोन कंपनी के तीन कैमरे वहां पर नहीं थे एवं काउंटर में रखें 25750 की नगदी भी नहीं थी। मैने दुकान में तलाश की तो दुकान में नहीं मिले, इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखा,उसमें एक व्यक्ति 11 जुलाई की रात्रि डेढ़ बजे खिड़की से अंदर आता है और कैमरे एवं नगदी की चोरी करके जाता हुआ दिखता है। जिसकी रिपोर्ट मैंने पुलिस थाने में पहुंचकर की। पुलिस ने अपराध धारा 331(4)एवं 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विवेचना शुरू कर दी है। सवाल पुलिस व्यवस्था और रात्रि गस्त पर उठ रहे है।क्या पुलिस उस रात्रि गस्त पर नही थी और अगर थी तो रात्रि में जहां पुलिस गस्त के दौरान गाड़ी खड़ी करती है उसके सामने महज 100 कदम पर चोर चोरी करके चला गया और गस्त की ड्यूटी में तैनात पुलिस बेखबर रही अनजान रही। देखा जाय तो चोरों के हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे है उन्हे न तो पुलिस का खौफ है और न ही पकड़े जाने का। दुकान संचालक नीरज पटेल का कहना है कि करही चौराहा शराबियो,जुआरियों,और नशेड़यिों का अड्डा बन गया है। और ये बात सही भी है जो करही चौराहे में स्थित दुकानदारों से लेकर आने जाने वाले लोगो को दिखता है पर पुलिस अभी भी अनजान है करही चौराहे में शराबी दिन दहाड़े सार्वजनिक जगहों पर बेखौफ दारू पीते है और गाली गलोच करते है आए दिन अशांति और भय का माहोल पैदा करते है इन शराबियो से हरिजन बस्ती के लोग और आने जाने वाली महिलाएं इनके आतंक से भयभीत रहते है। अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खा जा की कुछ कहानी ही चरितार्थ होती दिख रही है। रात्रि होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है, शराब खोरी होने लगती है जिसकी वजह से इस तरह की वारदाते होती हैं। पुलिस प्रशासन बिल्कुल निष्क्रिय है पुलिस द्वारा रात्रि में गस्ति भी नहीं की जाती हैं। इससे पूर्व में भी विनोद तिवारी के यहां कियोस्क बैंक में चोरी की बड़ी घटना को चोर अंजाम दे चुके हैं,जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। पुलिस प्रशासन आरोपियों की धर पकड़ के लिए क्या कुछ कर रही है। चोरों के हौसले बुलंद हैं अगर जल्द ही पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आगे भी इस तरह की घटनाए घटित हो सकती है।

## युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के आने से कांग्रेसियों में एक बार फिर उत्साह झलका

पन्ना।



प्रदेश स्तरीय नर्सिंग घोटाला तथा जिला से संबंधित भ्रष्टाचार को लेकर सकरिया से डिगौरा मार्ग तथा जिला अस्पताल में बच्चों की मौत तथा जे.के. सीमेन्ट में युवाओं को रोजगार को लेकर युवक कांग्रेस ने निशाने पर लिया।

वैसे तो जिले में विपक्ष की प्रमुख पार्टी कांग्रेस स्वयं ही कबीलों में बट चुकी है। वहीं कांग्रेस का संगठन जो प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लोकसभा चुनाव में स्वयं ही अपने कांग्रेसियों की अहमियत भुला चुका था। क्योंकि जिस तरह से खजुराहो लोकसभा सीट में कांग्रेस से किसी नेता को उचित नहीं समझा गया बल्कि कांग्रेस ने अपना जनाधार स्वयं ही पीछे करके सपा को समझौते में सीट देकर अपने ही संगठन को पांच साल तक के लिए किसके बैनर तले किसके सहारे कांग्रेस चले अपने आप में सवाल था। पर लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद जहां एक बार फिर जिले में प्रदेश के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के आने से कांग्रेसियों में उत्साह झलका तथा वही पुराने अंदाज में कार्यक्रम स्थल से लेकर कलेक्ट्रेट भवन तक नारे बाजी करते हुए राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में प्रदेश स्तरीय नर्सिंग घोटाला को प्रमुखता से तरजीह दी गई है। वहीं जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी सोनोग्राफी मशीन का संचालन न होना तथा बच्चों की मौत को लेकर भी मामला संज्ञानमें लिया गया। साथ ही भ्रष्टाचार की दास्ता को लेकर सकरिया से लेकर डिघौरा मार्ग जो वर्तमान में गुणवत्ता पूर्ण न बनाये जाने से जहां युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने स्वयं ही सड़क पर बैठकर संघर्ष किया जायेगा अगर जांच सही नहीं हुई। वहीं युवाओं को ध्यान में रखकर जे.के. सीमेन्ट कम्पनी में रोजगार को लेकर भी अपने निसाने पर लिया गया है। इस तरह से प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक के मुद्दों को छूते हुए युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों का उत्साह एक बार फिर झलका देखना यह है कि यह संघर्ष विपक्ष की भूमिका में दिखता रहेगा या कि प्रदेश स्तरीय नेताओं का इंतजार होता रहेगा। यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। विपक्ष के मजबूत होने से सत्ता पक्ष की नींद कहीं न कहीं खुलती रहेगी जो मनमानी को लेकर कई बार देखने को नजर आती है अगर विपक्ष भी संघर्ष को लेकर नींद खोले तो सायद जिले में हालात सुधार को लेकर कहीं न कहीं उम्मीदों को लेकर माना जा सकता है।



## अमानगंज मंडल में हुई भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक पन्ना भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा हुए शामिल

अमानगंज।



बुधवार को अमानगंज सिद्धी विनायक वाटिका में एक दिवसीय भाजपा मंडल कार्यसमिति का आयोजन हुआ सर्व प्रथम भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके बाद मंचासीन अतिथिओं का स्वागत भाजपा का गमछा डालकर सभी अतिथि का स्वागत हुआ। उसके बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत, ओर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी ने अपने भाषण में कहा कि मध्य प्रदेश लोक सभा चुनाव में 29 की 29 सीटें भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत सभी सीटें जीते हैं उसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र डब्बू मिश्रा ने भाजपा मंडल कार्यसमिति के बारे में विस्तार से बताया ओर उसके बाद भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमो के बारे में जानकारी दी ओर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी की संगठन में अच्छा कार्य करने पर प्रशंसा की ओर लोकसभा चुनाव में पन्ना जिले में अमानगंज मंडल के अंतर्गत सबसे ज्यादा मतदान 63,9 होने पर सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया उसके बाद भाजपा मंडल महामंत्री नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती सरिका शारदा खटीक ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया।

### कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप अवस्थी ने किया

आज कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी, जिला सह कोषाध्यक्ष दशरथ प्रसाद गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत, रामलाल लखेरा, मस्त सिंह राजपूत, सुदामा पटेल, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश राजू चौबे,बृजकुमार गोतम, सुरेश कुमार रेले, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बाबूलाल सोनकर, एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता ओर समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर्व में अजयगढ नगर में निकाला गया जुलूस



**अजयगढ** – जिले के अजयगढ़ नगर में हजरत इमाम हुसैन की याद में बुधवार को ताजिया का जुलूस निकाला गया। जुलूश की शुरुवात हजरत रमजान शाह बाबा की दरगाह से प्रारम्भ हुई ओर नगर के तमाम रास्तों से गुजरता हुआ ताजिया जुलूस देर रात कर्बला पहुंचे। इस दौरान नगर के लोगों ने लंगर का एहतिमाम कर लोगो को तबर्रुख पेश किया। इमाम हुसैन के चाहने वालों ने अक़ीदत से घरों में गूंजती या हुसैन की सदाओं के बीच महिलाओं ने पूरी रात कर्बला के शहीदों का याद कर पर्व मनाया। नगर में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर त्यौहार मनाते हैं इस्लाम में मुहर्रम से ही नए साल की शुरुआत होती है।जुलूस में शामिल नागरिकों ने बताया कि इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में मानवता और इस्लाम की हिफाजत के अपने जां नशीनो व अपनी शहादत दी थी। इमाम हुसैन से सारी दुनियां मोहब्बत करती है।अखाड़े के सदस्यों ने जिक्र ए शोहदाये कर्बला किए। ओर एक दिन पहले मंगलवार को पुराने महलन में परंपरागत तरीके से अलाव का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसे देखने हजारों की संख्या में पुरुष महिलाएं व बच्चो ने शिरकत की । बुधवार के दिन ताजिया जिस मोहल्ले से निकला वहां देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के मुख्य मार्गों से ताजिया निकाला गया। या अली, या हुसैन के बुलंद नारे लगाते हुए ताजिया जुलूस में सैकड़ो हिन्दू मुस्लिम एकता देखने मिली। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चुस्तदुरुस्त रही।

## खबर संक्षेप



### विद्यालय की गतिविधियों में दिखा विद्यार्थियों का समर्पण

**छतरपुर।** सीएम राईज विद्यालय नौगांव का भ्रमण करने पहुंचे सीएम राईज छतरपुर के उपप्राचार्य आरके शर्मा ने देखा कि विद्यार्थी विद्यालय की गतिविधियों में समर्पित हैं। छात्रों में समझ के साथ सीखने की प्रवृत्ति दिखाई दी। श्री शर्मा ने बच्चों की स्कूल दिनचर्या पर प्रश्न पूछे जिसका बच्चों ने बेहतर जवाब दिया। यहां के प्राचार्य आरके पाठक ने विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। उप प्राचार्य छतरपुर राजकुमार शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों भी अपने बीच श्री शर्मा को पाकर और उनके द्वारा दी गई सुझावात्मक जानकारी से लाभान्वित हुए।

### मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**छतरपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत के विभाग संयोजक शैलेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 32 में स्थित सांतरी तलैया को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त बनाने में मदद की जाए। ग्राहक पंचायत ने उल्लेख किया कि वे पिछले 50 वर्ष से ग्राहक जागरण व संरक्षण के कार्य कर समाज व्यवस्था सुधार हेतु कार्यरत हैं। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगठन के सदस्यों ने सांतरी तलैया को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए संकल्प लिया था। नगर पालिका जाकर सीएमओ से भेंटकर तलैया की सफाई में सहयोग मांगा था लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला है। आज दिनांक तक स्थानीय प्रशासन ने कोई मदद नहीं की जिससे प्रतीत होता है कि जल संरक्षण के विषय में नगरीय प्रशासन गंभीर नहीं है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री से सहयोग मांगा गया है। इस अवसर वार्ड 32 के पार्षद पति विवेक चौरसिया बिट्टू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### झरना में पैर फिसला चला गया 50 फिट नीचे खाई में



**छतरपुर।** बिजावर क्षेत्र के जंगलों में तमाम ऐसे प्राकृतिक स्थान हैं जहां बारिश के दिनों में जाने में बेहद आनंद मिलता है लेकिन ये स्थान खतरनाक भी हैं। ऐसे ही एक स्थान है मोनासईया। चट्टानों के बीच से गुजरकर जाना पड़ता है। एक युवक मोनासईया गया और झरने में नहाने लगा मगर उसकी थोड़ी सी चूक जान ले गयी। झरने में नहाने के दौरान नंदगांयखुर्द थाना सटई निवासी गोलू अनुरागी पुत्र काशीराम 17 वर्ष का पैर फिसल गया जिससे वह 50 फिट गहरी खाई में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि खाई में गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिवार के सदस्य गंभीर हालत में बिजावर लाए जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। मगर युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। जिला अस्पताल चौकी में जीरो पर कायमी की गई है। वहीं मृतक का पोस्टमार्टम कर लाश परिजनों को सौंप दी गई।

### नौगांव से रक्तदान करने आया रक्तदानी



**छतरपुर।** दिल से दुआयें लेना हो किसी के चेहरे पर मुस्कराहट लाना हो तो रक्तदान कीजिए। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा अरहिंत व्यास को गंभीर बीमारी के चलते रक्त की आवश्यकता थी। युवा का रेयर ग्रुप नेगेटिव होने के कारण काफी दिनों से कहीं मिल नही रहा था। पीड़ित की बहन गायिका ओजस्वनी व्यास ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मदद की अपील की। तत्पश्चात ग्रुप के माध्यम से यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप के संज्ञान में आने पर ग्रुप के प्रयास से नौगांव निवासी विकास सक्सेना को स्थिति से अवगत कराया गया ।

# क्रेशर कर्मचारी की रेत के ढेर में दबने से मौत




**छतरपुर।**

बमीठा थाना क्षेत्र में संचालित सिद्धांत क्रेशर के कर्मचारी की उस समय मौत हो गई जब वह रात में ड्यूटी से मुक्त होने के दौरान घूमने निकला था। रेत का ढेर धसक जाने से युवक शिकार हो गया। अभी घटना के संबंध में बमीठा पुलिस को जानकारी नहीं है। अस्पताल चौकी से तहरीर जाने पर आगे की कार्यवाही होगी।

क्रेशर कर्मचारी नंदकिशोर विश्वकर्मा ने बताया कि क्रेशर में बालू बनाई जाती है। युवक ओमनारायण विश्वकर्मा निवासी जुआवन बीती रात ड्यूटी से ऑफ था। रात में वह प्लांट के उस ओर गया जहां बालू का ढेर लगा था। नंदकिशोर के मुताबिक एक अन्य कर्मचारी विनय ने बताया कि ओमनारायण नजर नहीं आ रहा तब दोनों लोग उसे ढूढने निकले। कहीं पता नहीं लगा लेकिन बालू का ढेर धसा दिखाई दिया तो शंका हुई कि कहीं ओमनारायण इस बालू के ढेर की चपेट में तो नहीं आ गया। अन्य कर्मचारियों की मदद से ढेर हटाया गया तो ओमनारायण उसी में दबा मिला। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत तो पहले ही हो चुकी थी। सवाल यह उठ रहा है कि अचानक बालू का ढेर कैसे धस गया। बमीठा थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा से इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि ऐसी कोई खबर थाने में नहीं आयी है। सूचना मिलने पर कार्यवाही करेंगे।

## शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाई



**बमीठा।** थाना क्षेत्र के शांतिनगर में रहने वाले 19 वर्षीय बाबूलाल पुत्र मल्ली कुशवाहा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवक शराब के नशे में था। आत्महत्या के पीछे की वजह क्या है यह अभी ज्ञात नहीं हो सका। बाबूलाल के मामा ने बताया कि उसकी बहिन जम्मू में मजदूरी करती है बाबूलाल घर में अकेला रहता था। दोपहर बाद घर के दरवाजे बंद कर उसने शराब पी और हाथ की नस को ब्लेड से काटकर फांसी के फंदे पर झूल गया। बाबूलाल के मामा ने बताया कि जब रात 9 बजे उसे खाना खाने के लिए बुलाने गया तो दरवाजे नहीं खुले। काफी देर तक बुलाने के बाद भी दरवाजा न खुलने पर रोशनदान से झांककर देखा तो बाबूलाल फंदे पर लटका दिखाई दिया। जैसे-तैसे अंदर पहुंचने पर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लगी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए राजनगर भेज दिया। उधर मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

**इनका कहना**

युवक बाबू कुशवाहा जो शांतिनगर बमीठा का रहने वाला था। मामा ने आकर पुलिस को जानकारी दी कि उसके भांजे ने कमरा अंदर बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब तक पुलिस पहुंची तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बच्चा अपने मामा के साथ रहता था उसके परिजन जम्मू में मजदूरी कर रहे थे। अभी 15 दिन पहले यहां आया था। पीएम के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**विक्रम सिंह, एएसपी**

# हाईवे पर खड़ी भैसों को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर



### एक भैंस की मौत, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**छतरपुर।**

सागर-कानपुर हाईवे पर अज्ञात ट्रक ने भैसों को टक्कर मार दी जिससे एक भैंस की मौत हो गई जबकि अन्य भैसें बुरी तरह घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार गुलगंज थाना क्षेत्र के अनगौर के पास 4 भैसें हाइवे पर खड़ी थीं जिन्हें अज्ञात ने रौंद डाला। दुर्घटना में एक भैंस की मौत हो गई जबकि तीन भैसें बुरी तरह घायल हो गईं। वहीं ट्रक ड्राईवर भैसों को टक्कर मारकर मौके से भाग गया। यह सारी घटना हाइवे के पास लगे एक सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई है।

## नींद की झपकी आने से युवक हुआ हादसे का शिकार



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाईक सवार युवक दुर्घटना का शिकार हो गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार राहुल आदिवासी उम्र 20 वर्ष निवासी मानपुर कर्री बसारी से अपने घर जा रहा था तभी बसारी के समीप बाइक चलाते समय उसे नींद की झपकी आ गई जिससे वह बाईक सहित गिर गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बागेश्वर धाम में आज से शुरू होगा 5 दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव

## कल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, रोज होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**छतरपुर।**

सिद्धपीठ बागेश्वर धाम में गुरूवार से पांच दिवसीय गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव में 18 एवं 19 जुलाई को गुरू दीक्षा का कार्यक्रम होगा। 20, 21 और 22 जुलाई को गुरू दर्शन एवं पादुका पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। मंच से हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। 19 जुलाई को रात में देश के प्रख्यात कवियों की महफिल सजेगी।



करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र बागेश्वर धाम में आज से पांच दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव की शुरूआत हो रही है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आस्ट्रेलिया के कार्यक्रम से गुरुवार को ही वापस आ रहे हैं। आयोजन के क्रम में 18 एवं 19 जुलाई को गुरू दीक्षा का कार्यक्रम है। हालांकि महाराजश्री ने दिव्य दरबार की भी पूर्व में घोषणा की थी। 17 जुलाई तक जिन लोगों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं उन्हें दीक्षा मिल सकेगी। आयोजन के संबंध में बताया गया कि शाम को हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। 20 जुलाई से 22 जुलाई तक गुरू दर्शन एवं पादुका पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। श्री बागेश्वर बालाजी के परम सानिध्य में आयोजित हो रहे इस पांच दिवसीय महोत्सव में जहां धर्म की बयार बहेगी वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी धूम रहेगी। अपने गुरू की एक झलक पाने के लिए देश-विदेश से लाखों लोगों के आने की संभावना है।

### इन कवियों से सजेगी कवि सम्मेलन की महफिल

बागेश्वर धाम में गुरू पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर एक विशाल अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। कवि सम्मेलन के संयोजक जिले के प्रख्यात कवि श्रीप्रकाश पटैरिया हैं। कवि सम्मेलन में ओज के जाने-माने कवि वेदव्रत बाजपेयी लखनऊ से आ रहे हैं। झांसी के हास्य कवि अर्जुन सिंह चांद भी शिरकत कर रहे हैं। अन्य कवियों में अजय अंजाम औरैया, रविन्द्र रवि ग्वालियर, प्रदीप चौहान भिण्ड, अजय अटल इटावा, गौरव चौहान सैफई, अतुल बाजपेयी लखनऊ, राणा मुनि प्रताप सिंह हाथरस शामिल हैं। कवि सम्मेलन का आनंद उठाने के लिए सभी सुधि श्रोताओं से बागेश्वर धाम सेवा समिति ने 19 जुलाई को बागेश्वर धाम पहुंचने की अपील की है।

# एफएलएन मेंटरिंग उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

## प्रभावी रूप से मेंटरिंग करें सभी जन शिक्षक: डीपीसी पांडे

**छतरपुर।**

प्राथमिक कक्षाओं में प्रभावी शिक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित निपुण भारत अभियान एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन अंकुर के अंतर्गत कक्षाओं के प्रभावी एवं सुदृढ मेंटरिंग हेतु जन शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में एफ.एल.एन.कॉन्क्लेव सह उन्मुखीकरण जिला शिक्षा केंद्र द्वारा स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में डाइट प्राचार्य पीएल अहिरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए निपुण भारत अभियान के बारे में बताया। एपीसी एकेडमिक नीरज खरे ने मध्य प्रदेश में वर्ष 2022 से आरंभ किए मिशन अंकुर के उद्देश्य एवं लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान हेतु आरंभ से लेकर वर्तमान तक उठाए गए कदमों की जानकारी दी। निपुण प्रोफेशनल ओमकार हरम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक कक्षाओं के लिए किए गए प्रावधानों की विस्तृत चर्चा की। डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी आरके वर्मा ने प्राथमिक कक्षाओं हेतु राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री तथा शिक्षक संदर्शिका, छात्र अभ्यास पुस्तिका,



पाठ्यपुस्तक एवं लर्निंग किट के बारे में विस्तार से बताया। मास्टर ट्रेनर्स रामनरेश पाठक ने हिंदी भाषा के घटकों के बारे में, मुलायम सिंह सिसोदिया ने अंग्रेजी भाषा के घटकों के बारे में एवं सुरेश पटेल ने संख्या ज्ञान के घटकों के बारे में सारगर्भित चर्चा करते हुए ऑनलाइन मेंटरिंग एप का उपयोग करने हेतु चरणवार प्रस्तुतिकरण दिया। मनोज शर्मा ने मेंटरिंग के लिए जारी किए गए प्रोटोकॉल पर बिंदु बार प्रश्न उत्तर के माध्यम से चर्चा की।

कार्यक्रम में उपस्थित मेंटर्स को संबोधित करते हुए डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने कहा कि आज के उन्मुखीकरण कार्यक्रम की सार्थकता तब है, जब सभी मेंटर्स विद्यालय में शिक्षकों का सहयोग करते हुए व्यवस्थित रूप से मेंटरिंग करते हुए छात्रों का प्रभावी स्थल मूल्यांकन करें। अगर हम जिले में मेंटरिंग को सुदृढ और प्रभावी बना लेंगे तो जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ समस्त एपीसी, डाइट के समस्त एकेडमिक सदस्य, समस्त विकासखंडों के बीआरसीसी, बीएसी एवं प्रशिक्षण हेतु शेष रह गए जनशिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। राष्ट्रगान के साथ कॉनक्लेव सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# मेरी गली साफ गली अभियान की पोल खोल रही बस स्टैंड की तस्वीरें

### शहर के बस स्टेण्ड से हो रही छवि खराब

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पालिका के द्वारा इन दिनों शहर में मेरी गली सबसे साफ गली अभियान चलाकर अखबारों में सुर्खियां बटोरी जा रही हैं लेकिन सच्चाई इससे अलग है। नगर पालिका के कर्मचारियों की खानापूर्ति के कारण शहर के बस स्टेण्ड पर इन दिनों कचरे के ढेर लगे हुए हैं। खासतौर पर बस स्टेण्ड क्रमांक 2 पर गंदगी का जो आलम है वह शहर की छवि खराब कर रहा है। यहां के दुकानदार भी नगर पालिका की लापरवाही से बुरी तरह परेशान हैं। बस स्टेण्ड क्रमांक 2 पर मोबाइल की दुकान संचालित करने वाले किशन सिंह निरंजन कहते हैं कि मिशन अस्पताल के बगल में जहां से महोबा रोड की बसों का प्रवेश होता है उस मोड़ को नगर पालिका ने कचरे का मोड़ बना दिया है। यहां नगर पालिका के कर्मचारी ही मोहल्ले से निकला हुआ कचरा फेंककर चले जाते हैं। दिन भर इस कचरे में दर्जनों मवेशी खाना तलाशते रहते हैं जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक अन्य दुकानदार अमित साहू ने बताया कि बस स्टेण्ड क्रमांक 2 पर लगभग 50 मीटर तक कचरा ही कचरा पड़ा रहता है। यहां से निकलने वाले लोगों को अपने चेहरे पर कपड़ा लगाना पड़ता है। ग्राहक भी यहां की दुकानों पर नहीं रूकते। नगर पालिका यदि इस दिशा में ध्यान नहीं देती तो इससे लगातार शहर की छवि खराब हो रही है।



# शहर में ताजिया निकालकर मनाया मोहर्रम का पर्व

**छतरपुर।** बुधवार को छतरपुर शहर के मुस्लिम समाज ने ताजिया निकालकर मातमी पर्व मोहर्रम को परंपरागत तरीके से मनाया। इस मौके पर शहर के अलग-अलग इलाकों से करबला की याद में ताजिया निकाले गए। सभी ताजिया सबसे पहले चौक बाजार पर एकत्रित हुए इसके बाद चौक बाजार से महलों पर पहुंचे तदोपरांत छत्रसाल चौक के बाद ताजियों का विसर्जन किया गया। इस मौके पर शहर के मुस्लिम समाज के लोग करबला के शहीदों हसन और हुसैन की शहादत को याद करते रहे। कई स्थानों पर ताजिया में शामिल लोगों को स्वल्पाहार कराया गया। ताजिया को लेकर शहर में पुलिस की चौकस व्यवस्था बनी रही। पुलिस के वज्र वाहन सहित सैकड़ों पुलिसकर्मी सड़क पर तैनात रहे।

# आचार्य समय सागर जी महाराज का खजुराहो में मंगल प्रवेश

### खजुराहो में होगा पवित्र वर्षायोग चातुर्माश

**खजुराहो।**

आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य और उनके देवलोकगमन के बाद उनकी पीठ के प्रथम पट्टाचार्य 108 आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का प्रथम पवित्र वर्षायोग (चातुर्माश) अतिशय क्षेत्र स्वर्णोंदय तीर्थ खजुराहो में होगा, जिसके लिए आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का ससंघ प्रातः7 बजे खजुराहो में मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य श्री समय सागर जी के साथ 14 मुनिराजों और 9, छुल्लक जी महाराजों की भव्य अगवानी खजुराहो के शिल्पी तिराहे से हुई,जहां से धार्मिक जयकारों के साथ वे सेवाग्राम स्थित जैन मंदिर पहुंचे। वहां पर जैन समाज के लोगों द्वारा अपने अपने घरों के सामने चौका लगाकर आचार्य श्री और



मुनिराजों को आहार कराया गया। मंदिर में पूजन के बाद दोपहर 2 बजे आचार्य श्री की स्वर्णोंदय तीर्थ बड़े जैन मंदिर तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में घोड़े,बैंड बाजों और डी.जे.की धुन पर बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी महिलाओं और बच्चों के साथ आचार्य श्री के जयकारे लगाते हुए चलते रहे,आचार्य श्री के खजुराहो में चातुर्माश करने से स्थानीय वासियों में खासा उत्साह देखा गया। गौरतलब है कि विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के लिए अहम है,जैन धर्म के प्रवर्तक और देवलोकगमन वासी आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम पट्टाचार्य मुनि 108 श्री समय सागर जी महाराज का पहला वर्षायोग(चातुर्माश)होने जा रहा है, ऐसा माना जा रहा है कि इस धार्मिक आयोजन में देश ही नहीं विदेशों से भी बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों का खजुराहो में प्रवास होगा, जिससे पर्यटन व्यवसाय के भी बढने की संभावना प्रबल होंगी। गौरतलब हे कि वर्ष 2018 में आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने खजुराहो में चातुर्मास किया था,तब खजुराहो में 4 महीने भारी भीड़भाड़ रही थी।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज में वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित



**मऊगंज।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई मऊगंज द्वारा जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जो वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश मंत्री कल्पना गुप्ता एवं संभाग अध्यक्ष कंचन केशरी मौजूद रहीं जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मऊगंज इकाई की जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रभा गुप्ता ने की कार्यक्रम की शुरुआत में मऊगंज जिले की महिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का रोली चंदन लगाकर स्वागत किया तत्पश्चात अतिथियों ने विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रभा गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के दौरान चेयर रेस, अंताक्षरी एवं लेमन पिक एंड डाउन रेस जैसे खेल भी आयोजित किए गए जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा उल्लेखनीय है कि वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई जिला मऊगंज की पहली बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर अपने पास रखने का सुझाव दिया साथ ही समाज के उत्थान के लिए महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के साथ बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबर से उत्तीर्ण हुए प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रीति गुप्ता ने किया जिसमें मऊगंज जिले के युवा अध्यक्ष संजय सोनी सहित जिले के कोने-कोने से आईं सौ से अधिक महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### जहर का सेवन करने से दो युवकों की मौत

**कटनी।** जहर पीने से एक युवक की मौत हो गई है। मामला एनकेजे थाना अंतर्गत जुहला बाइपास की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार अप्पू कुशवाहा पिता ताराचंद कुशवाहा 22 निवासी कन्हवारा थाना कुठला की जहर पीने से मौत हो गई है। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार रोहित पिता राजकुमार दाहिया 21 निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा की जहर पीने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### ट्रेन की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** एक वृद्ध की ट्रेन की टक्कर लग जाने से मौत हो गई है। हादसा स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कटनी-जबलपुर रेलखंड पर हुआ। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पोल नंबर 1058/08 डाउन लाइन ग्राम संसारपुर के पास संतराम कुशवाहा पिता स्व तुलीराम कुशवाहा 75 निवासी तेवरी थाना स्लीमनाबाद की ट्रेन के टक्कर लग जाने के कारण मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। हादसा बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पडरिया बस स्टैंड में हुआ। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार मोनू चौधरी पिता कोमल चौधरी 25 निवासी ग्राम कुटेश्वर थाना बरही की हादसा होने के कारण गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# तानाशाही पर उतारू हुईं टीआरएस कॉलेज की प्राचार्या, हाईकोर्ट के निर्देशों की उड़ा रहीं धज्जियां

रीवा

ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय (टीआरएस) इन दिनों अपने बेतरतीब शासन व्यवस्था और प्राचार्य की तानाशाही की वजह से सुर्खियों में है। आलम यह है की नए प्रवेश लेने वाले बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया तो बेतरतीब है ही इसके अतिरिक्त कॉलेज प्रशासन अपने ही कर्मचारियों को दर - दर की ठोकर खाने पर मजबूर कर रखा है। बता दें कि कोरोना काल के दौरान महाविद्यालय में प्रोफ़ेसर रहे अवध प्रताप शुक्ला का निधन हो गया जिसके बाद उनकी पत्नी को मासिक पेंशन और बड़े बेटे को अनुकंपा नियुक्ति नियमानुसार नौकरी दी गई। सम्पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात प्रोफ़ेसर स्वर्गीय अवध प्रताप शुक्ला की पत्नी लक्ष्मी शुक्ला को मासिक पेंशन मिलनी स्वीकृत होने के 5 से 6 माह तक पेंशन आना चालु थी लेकिन अचानक से पेंशन आना बंद हो गई। जिसकी सूचना लक्ष्मी शुक्ला जी द्वारा टीआरएस कॉलेज की प्राचार्य को दी गई जिस पर कॉलेज प्राचार्या द्वारा यह कह कर उन्हे आश्वस्त कर दिया गया कि ऑनलाइन प्रक्रिया




शुरू होने वाली है जिसके कारण दो से तीन महीने पेंशन बंद रहेगी और तीन माह की पेंशन एक साथ आ जाएगी किंतु 3 माह बीत जाने के बाद भी पेंशन नहीं आई।

### माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को धता बताती कॉलेज प्राचार्या

लंबे इंतजार के बाद श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला द्वारा कई बार कॉलेज जाकर पेंशन से संबंधित समस्या के बारे में जानकारी मांगी गई किंतु उन्हे संतोषजनक जवाब नहीं मिला जिससे हताश लक्ष्मी शुक्ला माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जा पहुंची। दिनांक 02/04/2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष सुनवाई हुई जिसपर माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किया कि आवेदिका को आंतरिक पेंशन एवं 90% उपदान का भुगतान 30 दिवस के अंदर किया जाए किन्तु माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को दरकिनारे करते हुए ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय (टीआरएस) कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी द्वारा आज तक पेंशन नहीं चालू की गई। कॉलेज श्रीमती अर्पिता अवस्थी के तानाशाही रवैया से मृतक अवध प्रसाद शुक्ला का पूरा परिवार परेशान है। और न्याय के लिए दर दर भटक रहा है।

## सिंघल कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करते हुए 8वे वेतन आयोग का गठन करे सरकार- त्रिपाठी



**रीवा।** म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम जिला अध्यक्ष के. सी. त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मांग की है कि कर्मचारी हित में सरकार को वेतनमान और ग्रेट पे सुधार के लिए गठित सिंघल कमेटी की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक करते हुए कर्मचारी नेताओं से बात करनी चाहिए। कर्मचारी संघ वर्षों से शासन को सम्बोधित ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलन की राह में हैं। प्रमुख रूप से लिपिक एवम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन विसंगती में ग्रेड पे सुधार,गृह भाड़ा भत्ता एवम धुलाई भत्ता शामिल है। के. सी. त्रिपाठी त्रिपाठी ने महंगाई को देखते हुए सरकार से शीघ्र 8 वे वेतन आयोग के गठन किए जाने की जरूरत पर बल दिया है। साथ ही केंद्र सरकार के नई पेंशन स्कीम में संशोधन के पहल को नकारते हुए पुरानी पेंशन बहाल किए जाने एवम अंग्रेजो की देन पदनाम भृत्य को परिवर्तित करते हुए कार्यालय सहायक किए जाने की पुरजोर मांग किया गया है।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगतिरत निर्माण कार्यों और जल प्रदाय से संबंधित स्थिति का हुआ निरीक्षण

**रीवा।** नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय एवं निगमायुक्त डॉ सौरभ सोनवणे के द्वारा दिनांक 17.07.2024 को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रगतिरत निर्माण कार्यों और जल प्रदाय से संबंधित स्थिति का निरीक्षण कर विभिन्न दिशा निर्देश अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए गए। भ्रमण के दौरान उन्होने वार्ड 08 में प्रस्तावित बाणसागर ओव्हर हेड टैंक निर्माण अतिशीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही श्रवण कुमारी ओएचटी का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने वार्ड 10 में चल रहे नाली निर्माण कार्यो की स्थिति का जायजा लिया गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही पेमेंट कटौती के निर्देश दिए गये। निगमायुक्त ने आगामी जल आपूर्ति योजनाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि जल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए तेजी से काम किया जाए और इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। निगमायुक्त द्वारा मुख्य रुप से समुचित जल आपूर्ति की व्यवस्था हेतु अनंतपुर



स्थित ओवरहेड टैंक का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कुठुलिया, एग्रीकल्चर कालेज, विवेकानंद और बिछिया एसटीपी का निरीक्षण किया। भविष्य में जल के बढ़ते उपयोग पर नजर रखते हुए तीसरे स्तर तक ट्रीटमेंट की योजना भी बनाने की बात कही। उन्होंने वहां पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से त्वरित गति से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि एसटीपी का संचालन समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए ताकि शहर में जल प्रबंधन में कोई समस्या न आए। साथ ही राजस्व मुद्दों से जुड़े अजगरहा साइट का दौरा करते हुए, निगमायुक्त ने वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने भूमि विवादों को सुलझाने के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित सेल गठित कर सुधार न्यास से लेकर अब तक के संपत्ति का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 45 कायाकल्प रोड़ के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। साथ ही भ्रमण के दौरान जोन क्र. 03 अंतर्गत बाणसागर मोड़ में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, निगमायुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने की कार्रवाई के साथ चलानी कार्यवाही के भी निर्देश दिए। उक्त भ्रमण के दौरान पूर्व पार्षद सतीश सिंह, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एसएल दहायत सहायक यंत्री एसके गर्ग, राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी, सीएमआर कम्पनी प्रोजेक्ट हेड योगेन्द चौकसे, उपयंत्री मनोज सिंह, अशुतोष पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हथियारबंद बदमाशों ने दंपति को बंधक बनाकर 6 लाख नगदी सहित जेवरात लेकर हो गए रफूचक्कर

*विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत हुई डकैती की वारदात पुलिस के हाथ अभी तक खाली*

**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत इटोरा बाईपास मे वृद्ध दंपति को घर के अंदर बंधक बनाकर तकरीबन 6 लाख रुपए नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात की डकैती की गई है आधा दर्जन से ज्यादा हथियारबंद बदमाशों ने बीती रात इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत इटोरा बाईपास में रहने वाले चंद्रशेखर सिंह पटेल बीती रात्रि अपनी पत्नी राजकुमारी सिंह पटेल के साथ घर के अंदर सोए हुए थे इसी दौरान आधा दर्जन से ज्यादा की संख्या में बदमाश घर के अंदर घुस आए है, और पहले उनकी राजकुमारी को बंधक बनाकर घर के बाहर फेंक दिया इसके बाद अंदर सो रहे पति चंद्रशेखर सिंह को भी बंधक बना लिया और तकरीबन 1 घंटे तक पूरे घर की तलाशी ली इस दौरान अज्ञात बदमाशों ने अलमारी पेटी तोड़कर उसमें रखे तकरीबन 6 लाख रुपए नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग गए वहीं घटना की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय पुलिस सहित एसपी विवेक सिंह एएसपी अनिल सोनकर सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा है,बदमाशों की पतासाजी के लिए नाकेबंदी भी की गई थी



लेकिन उसके बाद भी पुलिस के हाथ कोई भी बदमाश नहीं लगा है शहर से लगे हुए इलाके में हुई इस डकैती की वारदात के बाद सननाटा खींचा हुआ है।

### इनका कहना है

पति पत्नी दोनों घर में सो रहे थे 6 की संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया है सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर जाकर पूरी घटनाक्रम की जांच की है अज्ञात आरोपियों के खिलाफ डकैती की धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे ।

**आशीष मिश्रा, थाना प्रभारी, विश्वविद्यालय**

## रीवा केन्द्रीय जेल में 16 बैरकों के निर्माण को मिली हरी झंडी, 320 कैदियों की बढ़ेगी क्षमता

**रीवा।** रीवा जेल में नए बैरकों के निर्माण का भेजे गए प्रस्ताव को शासन ने हरी झंडी दिखा दी है, लंबे समय से क्षमता से अधिक कैदियों की समस्या से जूझ रहे केन्द्रीय जेल रीवा में नए बैरक बनने के बाद यह समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। वहीं जेल में कैदियों को अव्यवस्था के बीच रहने से मुक्ति मिल जाएगी। रीवा केंद्रीय अधीक्षक सतीश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जेल में कैदियों की संख्या 750 थी, लेकिन यहां क्षमता से तीनगुना अधिक कैदी हमेशा जेल में रहते थे। जेल में कैदियों की संख्या 2400 से 2500 के बीच रहती है। ऐसे में बैरकों में कैदियों को रखने में समस्या होती थी। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने नए बैरकों के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा था जिसे डीजीपी जेल के प्रयासों से हरीझण्डी मिल गई है। जेल में 16 बैरकों का



निर्माण होगा। एक बैरक की क्षमता 20 कैदियों की होगी। ऐसे में 16 बैरक बनने के बाद 320 कैदियों को इनमें आसानी से रखा जा सकेगा। नए बैरक बनने के बाद जेल में क्षमता से अधिक कैदियों की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल जाएगी। निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द काम शुरू होगा ताकि बैरकों का निर्माण का प्रयास विभागीय अधिकारी कर रहे हैं जिससे निर्धारित समयावधि में काम पूरे हो सके।

## रीवा में शराब से ज्यादा बिक रही कोरेक्स, नशे में डूबे हैं लोग - नेता प्रतिपक्ष

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने लगाए मोहन सरकार पर कई गंभीर आरोप

**रीवा।** मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इन दिनों विंध्य दौरे पर हैं. इस दौरान वह एक दिवसी प्रवास पर बुधवार को रीवा के राजनिवास पहुंचे. जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने पत्रकारवार्ता आयोजित की और प्रदेश की भारतीय जानता पार्टी की सरकार को घेरा. उमंग सिंघार ने कई मुद्दों पर सरकार पर सवालिया निशान लगाए. बढ़ते नशे के मामले में सिंघार ने कहा की 'फिल्म उड़ता पंजाब की तर्ज पर अब उड़ता रीवा होने वाला है. मुझे आश्चर्य होता है की लोग शराब के नशे में होते हैं, लेकिन रीवा में लोग नशीली कफ सिरप कोरेक्स के नशे डूबे हुए हैं.स्वास्थ्य और नशे की बात करें तो फिल्म उड़ता पंजाब की तरह उड़ता रीवा होने वाला है. जिस प्रकार से यहां कोरेक्स की टॉनिक चल रही है. मुझे आश्चर्य लगा की



लोग शराब के नशे में होते हैं, लेकिन यहां तो कोरेक्स के नशे में डूबे हुए हैं. यह बड़े दुख की बात है की उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल वह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने गए और नशे के विरूद्ध कर्रवाई के लिए मदद मांगी, मुझे लगता है कि राजेन्द्र शुक्ल ने खुद बता दिया, कि वह असक्षम हैं, वह अपने रीवा को नहीं संभाल पा रहें हैं. इसके पीछे जो जिम्मेदार अधिकारी है, उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए. नर्सिंग घोटाले का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा की यहां पर नर्सिंग घोटाले की शुरुआत सरकारी कॉलेज से हुई. जब सीबीआई को पता चला की सरकारी कॉलेज के अंदर सुविधाएं नहीं है, तो आनन फानन में नियम बदल दिए गए. हमारी इसमें लड़ाई ये है की फर्जी कॉलेज खोलने की परमिशन किसने दी. नियम किसने बदले, कौन सीटों के नाम पर दलाली कर रहा था. विश्वास सारंग और उनके महेंद्र गुप्ता की सरकार जांच नहीं करा रही, क्यों सीबीआई इनकी जांच नहीं कर रही है.

### 22 जुलाई को होगा बड़ा प्रदर्शन

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि आने वाली 22 तारीख को यूथ कांग्रेस नरसिंह घोटाले सहित तमाम मुद्दों को लेकर भोपाल में एक बड़ा प्रदर्शन करेगी. जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेता भी भाग लेंगे, भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दिनों धर्म राजस्व विभाग को भोपाल से उज्जैन शिफ्ट कर दिया. उसकी वजह यह नहीं थी, कि उज्जैन मुख्यमंत्री का इलाका है, उसकी वजह थी आरएसएस मंदिरों का संचालन करता है उसे सर्वाधिक पैसा यहीं से मिलता है. सभी को अपनी बात कहने का है अधिकार उन्होंने कहा अब देश में धर्म की राजनीति नहीं चलेगी।

### लौर थाना पुलिस द्वारा चलाया गया आपका थाना आपके गांव अभियान..



**मऊगंज।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन डॉ. एस. एस. सिकरवार के निर्देशानुसार मऊगंज पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडे के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान आपका थाना आपके गांव के तहत क्षेत्र पटपरा में हल्का पटवारी सरपंच जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जमीनी संबंधी समस्या सुनी गई एवं उनका निराकरण किया गया,पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार जैन द्वारा देखा गया है की वर्तमान समय में जिले में जमीन संबंधी शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही हैं, जिससे आपसी विवाद में लड़ाई एवं झगड़ा तथा कोई बड़ी जनहानि ना हो जाए इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक मऊगंज द्वारा विशेष अभियान चलाकर लौर थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा हल्का पटवारी की उपस्थिति में लोगों के जमीन संबंधी समस्याओं का गांव में ही समाधान किया गया।

## पारंपरिक तरीके से मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम

**मऊगंज।** जिलेभर मे मातमी पर्व मोहर्रम बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। जिले में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने अपने घरों में सुवह से कुरान खानी फातिहा कर मातमी पर्व मनाया।र्खून से चराग-ए-दीन जलाया हुसैन ने,रस्म-ए-वफ़ा को खूब निभाया हुसैन ने,खुद को तो एक बूँद न मिल सका लेकिन,करबला को खून पिलाया हुसैन ने. बताया गया है कि शहीदाने करबला हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 जानिसार साथियों की याद में मनाया जाने वाला यौमें यासूरा का पर्व ताजिये के साथ जुलूस निकालकर अलग-अलग क्षेत्र से चल कर किला परिसर में एकत्रित होकर ढोल नगाड़े एवं लाठियों के कर्तव्य के साथ संपन्न हुआ। हजरत इमाम हुसैन की शहादत का पैगाम यह कि सच्चाई कभी झुकती नहीं। मोहर्रम की 10 तारीख को कर्बला का दर्दनाक वाक्या जिसमें हुजूर सल्लल्लाहो ताला वसल्लम के प्यारे नवासे हजरत इमाम हुसैन को कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया गया। हजरत इमाम हुसैन अपने नाना जान हुजूर सल्लल्लाहो ताला अलेही





वसल्लम के लिए सजदे की हालत में सर कटा दिया। हजरत इमाम हुसैन सच्चाई के लिए नाना जान की उम्मत के लिए हंसते-हंसते सर कटा दिया। यह जंग न तख्तोताज के लिए थी न मालोजर के लिए थी यह जंग हक व इंसाफ के लिए के लिए थी। हजरत इमाम हुसैन असत्य के लिए झुकने की बजाय सत्य के लिए अपनी जान देना मुनासिब समझा। और अपनी गर्दन कटा दी। हजरत इमाम हुसैन ने दुनिया के लिए सत्य पर चलने की एक मिसाल पेश की। इस पवित्र माह की कद्र करते हुए हम सबको हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की सीख लेना चाहिए।इसी क्रम में 10 वी मोहर्रम को समूचे देश की तरह जिले में भी जगह-जगह मातमी पर्व मनाया गया।यह आसूरा का पर्व नईगढ़ी में भी बड़ी यकीदत के साथ ताजिया का जुलूस भलुहा, बर्रोहा, चकरहनटोला, लालगंज सहित नईगढी कस्बे के विभिन्न स्थानों से चलकर नईगढ़ी के जामा मस्जिद परिसर से होकर किला परिसर पहुंचा। जहां जियारत के लिए ताजिया रखी गई। हजारों की संख्या में उपस्थित जन समुदाय ने पर्व में शामिल होकर भाईचारे की मिसाल पेश की।इसी तरह मऊगंज, हनुमना,देवरा, पटेहरा, सीतापुर, देवतालाब,रामपुर सहित अनेक स्थानों पर बड़े हकीकत के साथ मोहर्रम का पर्व मनाया गया।प्रशासन रहा मुस्तैद मोहर्रम के पर्व पर आपसी भाईचारे को लेकर कहीं किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए जिला प्रशासन देर-रात तक निरंतर जगह जगह गस्त करते दिखे। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी मऊगंज एसडीएम बीपी पांडे, हनुमना एसडीएम अजय मेहता, तहसीलदार दीपक तिवारी तहसीलदार सौरव मरावी सौरव मरावी सहित अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने रखनें में बेहतर सहयोग किया। वहीं किला नईगढ़ी परिसर में पहुंचे ताजिया के जुलूस में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, कुवर दीप सिंह कुवर अभिमन्यु सिंह ने बेहतर सहयोग प्रदान किया। प्रशासनिक अधिकारियों के इस सहयोग पर मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन खान जामा मस्जिद इमाम नईगढ़ी गुलशेर खान आसताब खान रोशन खान मुनीर खान बंदे खान मोहम्मद इस्लाम हसन खान बबलू खान सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने प्रशासनिक अधिकारियों का धन्यवाद किया।



## सड़क के किनारे मिली लगभग तीन माह की अज्ञात बच्ची

### मां की तलाश में जुटी पुलिस

**रीवा।** जिले में एक बार फिर निर्मोही मां ने अपने दो माह के कलेजे के टुकड़े को लावारिस हालत में सड़क के किनारे छोड़ दिया स्थानीय ग्रामीणों की निगाह सड़क किनारे पड़े बच्ची पर पढ़ने के बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस बच्ची को अपने साथ ले आई है मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह जवा थाना क्षेत्र के ग्राम कुशमेदा के ग्रामीणों ने देखा कि एक अज्ञात बच्ची तकरीबन 2 माह की सड़क के किनारे कोई छोड़ कर चला गया और भूख प्यास से तड़प रही बच्ची रो रही है तत्काल ग्रामीणों ने उसे गोद पर उठाया और ईसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अपने साथ ले आई है और उसे थाने में सभी व्यवस्थाएं दी गई है पूरा स्टाफ इस मासूम की देखरेख में लगा रहा , वही पुलिस द्वारा निर्मोही मां का भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।